संक्रमण रोकने के लिए कमर कसी

शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में कराया गया सैनिटाइजेशन, जागरूक भी किया

शाहजहांपुर। कोविड-19 के संक्रमण को फैलने से रोकने के लिए बुधवार को नगर निगम की ओर से सैनिटाइजेशन करवाया गया। जिसका सहायक नगर आयुक्तों ने निरीक्षण भी किया।

नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा के निर्देश पर सहायक नगर आयुक्त रश्मि भारती ने आवास विकास, आनंदपुरम कॉलोनी में होने वाले सैनिटाइजेशन कार्य का निरीक्षण किया। सफाई एवं खाद्य निरीक्षक पवन कुमार, राजमंगल मौजूद रहे। सहायक नगर आयुक्त अंगद गुप्ता ने मोहल्ला अहदमपुर रेती, हांडा कॉलोनी, कृष्णानगर कॉलोनी, बहादुपुरा, फायर ब्रिगेड आदि क्षेत्रों में सैनिटाइजेशन कार्य का जायजा लिया। इस मौके पर नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. ओपी गौतम, सफाई एवं खाद्य निरीक्षक हरवंश कुमार दीक्षित, सुनील कुमार शाक्य मौजूद रहे। इसके साथ ही शहर में नालों की सफाई का कार्य भी करवाया गया। सहायक नगर आयुक्त रश्मि भारती व अंगद गुप्ता ने नाला सफाई कार्य का निरीक्षण किया।

नगर पालिकाओं व नगर पंचायतों ने भी करवाया सैनिटाइजेशनः सिटी मजिस्ट्रेट राजेश कुमार ने बताया कि नगर पालिका परिषद तिलहर, पुवायां, जलालाबाद, नगर पंचायत अल्हागंज, कांट, खुटार, खुदागंज, कटरा आदि में टीमें बनाकर सैनिटाइजेशन का कार्य कराए जाने के निर्देश दिए गए हैं। सभी जगह कार्य कराया जा रहा है। संवाद

मास्क लगाने के लिए प्रेरित किया

पुवायां। नव निर्वाचित प्रधान राकेश कुमार ने बुधवार को कई जगह सैनिटाइजेशन कराया। इस दौरान प्रधान ने लोगों से मास्क लगाकर रखने और भीड़ नहीं लगाने की अपील भी की। प्रधान ने कहा कि जुकाम, बुखार, खांसी जैसी समस्या होने पर सीएचसी पर जाकर डॉक्टर को दिखाकर इलाज कराएं। संवाद

शाहजहांपुर में बुधवार को सैनिटाइजेशन कराते सहायक नगर आयुक्त अंगद गुप्ता। संवाद